पाकिस्तान 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप स्टेज मैच में भारत के खिलाफ बहिष्कार के अपने फैसले पर कभी भी यू-टर्न ले सकता है।

- इरफान पठान

पूर्व भारतीय गेंदबाज, पाकिस्तान टीम को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

विराट कोहली

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने पूर्व भारतीय क्रिकेटरों दिनेश कार्तिक और मिताली राज के साथ मिलकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की महिला टीम की महिला प्रीमियर लीग फाइनल में खिताब जीतने वाली परफॉर्मेंस की तारीफ की, और इस जीत को महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण पल बताया। सोशल मीडिया पर कोहली ने कप्तान स्मृति मंधाना और आरसीबी टीम को उनके दूसरे डब्ल्यूपीएल खिताब के लिए बधाई दी। कोहली ने कहा, फिर से चैंपियन। आरसीबी का झंडा ऊंचा रखना कुछ ऐसा है जिस पर आप सभी को गर्व हो सकता है।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय क्रिकेट टीम के नाम वनडे में 300 रनों का सफल पीछा (20 बार) करने का विश्व रिकॉर्ड और टी20 में 67 प्रतिशत से अधिक मैच जीतने का रिकॉर्ड है।

भारत ने इंग्लैंड को 100 रनों हराकर जीता अंडर-19 विश्वकप का छठा खिताब

हरारे, 6 फरवरी । वैभव सूर्यवंशी (175) के विस्फोटक शतक के बाद अम्ब्रिश (तीन विकेट), दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान (दो-दो विकेट) की बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड पर 100 रनों से बड़ी जीत दर्ज करते हुए अंडर-19 विश्वकप का अपना छठा खिताब जीता। वैभव सूर्यवंशी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच तथा प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

412 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने पांचवें ही ओवर में जोसेफ मूर्स (17) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बेन मेयस ने बीजे डॉवकिंस ने दूसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़े। 13वें ओवर में खिलन पटेल ने बीजे डॉवकिंस को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। बीजे डॉवकिंस ने 28 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 45 रन बनाये। कप्तान थॉमस रियू (31) को कनिष्क चौहान ने आउट किया। इसके बाद 21वें ओवर में भारत ने इंग्लैंड के तीन विकेट झटककर अपनी जीत पक्की कर ली। रलफी एलबर्ट (शून्य) रनआउट, फरहान अहमद (एक) और सेबेस्तियन मॉर्गन (शून्य) को दीपेश देवेंद्रन ने आउट किया। जेम्स मिंटो (28) रन बनाकर आउट हुए।

इंग्लैंड की टीम 40.2 ओवरों में 311 रन ही बना सकी और 100 रनों से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड की ओर से कैलेब फाल्कनर ने शतकीय पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को जीत दिलाने में विफल रहे। उन्होंने 67 गेंदों में नौ चौके और सात छक्के लगाते हुए 115 रनों की पारी खेली। उन्हें कनिष्क चौहान ने आउट किया।

भारत के लिए अम्ब्रिश को तीन विकेट मिले। दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने दो-दो विकेट लिये। खिलन पटेल और आयुष म्हात्रे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां वैभव सूर्यवंशी (175) के विस्फोटक शतक, कप्तान मयंक अग्रवाल (53) और अभिज्ञान कुंडु (40) की पारियों की बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ नौ विकेट पर 411 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों पर 175 रन में 15 चौके और 15 छक्के लगाये। उनके क्रीज पर रहते भारत 500 रन की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा था, लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम 10 ओवरों में अच्छी वापसी की।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने चौथे ही ओवर में एरन जॉर्ज (नौ) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान आयुष म्हात्रे ने वैभव के साथ पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 142 रनों की साझेदारी हुई। 19वें ओवर में एलेक्स ग्रीन ने आयुष म्हात्रे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा, लेकिन उससे एक गेंद पहले छक्का लगाकर वह अपना अर्धशतक पूरा कर चुके थे। आयुष म्हात्र ने 51 गेंदों का सामना किया और सात चौके और दो छक्के लगाये।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये वेदांत त्रिवेदी एक छोर थामे खड़े रहे। वहीं दूसरे छोर से वैभव सूर्यवंशी छक्के और चौकों की बरसात करते हुए तेजी के साथ अपना और टीम का स्कोर बढ़ाते रहे। इसी दौरान वैभव सूर्यवंशी ने 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 20वें ओवर की अखिरी गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक बनाया। 26वें ओवर में वैभव सूर्यवंशी तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। उन्हें मैनी लुम्सडेन की गेंद पर विकेट के पीछे थॉमस रियू ने कैच आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों में 15 चौके और 15 छक्के लगाते हुए 175 रनों की विस्फोटक शतकीय पारी खेली।

वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, तोड़े सारे रिकॉर्ड

हरारे, 6 फरवरी । भारत के युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार, 6 फरवरी को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में एक शानदार शतक जड़ा और इतिहास रच दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था, जिसके बाद 14 वर्षीय इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने फाइनल में सिर्फ 55 गेंदों में तूफानी शतक बनाया। सूर्यवंशी ने अपनी शानदार पारी के दौरान कई रिकॉर्ड भी बनाए। इस बल्लेबाज ने अंडर-19 विश्व कप फाइनल में सबसे तेज शतक और टूर्नामेंट में दूसरा सबसे तेज शतक बनाया। उनका 55 गेंदों का शतक ऑस्ट्रेलिया के विल मलाजचुक से थोड़ा ही पीछे था, जिन्होंने टूर्नामेंट में पहले 51 गेंदों में शतक जड़ा था। उन्होंने 80 गेंदों में शानदार 175 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और 15 छक्के शामिल थे। यह टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक है, जो ऑस्ट्रेलिया के विल मलाजचुक के बाद है, जिन्होंने जापान के खिलाफ 51 गेंदों में शतक बनाया था। सूर्यवंशी टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र के शतकवीर भी बन गए। सूर्यवंशी ने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक छक्कों का सर्वकालिक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के देवाल्ड ब्रेविस को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 2024 में 18 छक्के लगाए थे। इस लेख को लिखे जाने तक, भारत के इस सनसनीखेज बल्लेबाज ने आठ छक्के लगाए थे और टूर्नामेंट में उनके छक्कों की संख्या 23 हो गई थी। इस बीच, उन्होंने अफगानिस्तान के फैसल शिनोजादा के 435 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 2026 संस्करण में सर्वोच्च रन बनाने का रिकॉर्ड भी बना लिया है। कुल मिलाकर, वह आईसीसी अंडर-19 विश्व कप फाइनल में शतक बनाने वाले छठे खिलाड़ी और दूसरे भारतीय हैं। उन्मुक्त चंद, मनजोत कालरा, ब्रेट विलियम्स, जारार्ड बर्क और स्टीफन पीटर्स जूनियर वनडे विश्व कप फाइनल में शतक लगाने वाले अन्य पांच बल्लेबाज हैं। 14 वर्षीय खिलाड़ी पहली बार तब सुर्खियों में आए जब उन्होंने 2024 में आयोजित मेगा नीलामी में राजस्थान रॉयल्स के साथ रिकॉर्ड डील हासिल की। और उन्होंने पिछले सीजन में करियर की पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर शानदार एंट्री की।

अंडर 23 ट्रॉफी : पहले दिन राजस्थान के अनिरुद्ध व रोहन राजभर के अर्धशतक

जयपुर 6 फरवरी। आज से नागपुर में शुरू हुए राजस्थान - विधर्भ अंडर 23 मैच के पहले दिन राजस्थान के अनिरुद्ध सिंह व रोहन राजभर ने शानदार अर्धशतक बनाये। राजस्थान पहली पारी 261/7, पहले दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने पहली पारी ,में 7 विकेट के नुकसान पर 261 रन बना लिए थे , टीम के लिए अनिरुद्ध सिंह 81 , रोहन राजभर 53 , करण लाम्बा 43 , सुमित गोदारा 26 , रजत बघेल 20 व चेतन शर्मा नाबाद 11 रन।विधर्भ के गेंदबाज संस्कार , साहिल 2 - 2 विकेट।



राजस्थान -छत्तीसगढ़ सीनियर वीमेन ट्रॉफी मैच (छत्तीसगढ़ जीती)। वड़ोदरा में खेली जा रही बीसीसीआई सीनियर वीमेन ट्रॉफी के आज खेले गए राजस्थान - छत्तीसगढ़ मैच में छत्तीसगढ़ जीती।राजस्थान पारी 197 आल आउट। टीम के लिए आयुषी गर्ग 47, संगीता कुमावत 44, सुमित्रा जाट 26, डिंपल कँवर 23, सुमन मीणा 20 रन।छत्तीसगढ़ की गेंदबाज तर्रनुम 32 / 2, छत्तीसगढ़ पारी 200 / 6, टीम के लिए प्रीति नाबाद 46 , ऐश्वर्या 48 व शिवानी नाबाद 37, राजस्थान की गेंदबाज सोनल कलाल 40 /2 , सुमन मीणा , संगीता कुमावत 1 - 1 विकेट।

आल इंडिया सब जूनियर बैडमिंटन में जयपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

जयपुर, 6 फरवरी। कल संपन्न हुई योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सब जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट में जयपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते एक स्वर्ण, एक रजत व कांस्य पदक जीता अंडर 15 बालक युगल में जयपुर की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी वयम लांबा व श्रेयांश चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता तथा इसी श्रेणी के मिश्रित युगल में जयपुर के मनन शर्मा ने पंजाब की पार्टनर के साथ रजत पदक जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त अन्वी राठौर को बालिका एकल में कांस्य पदक हासिल किया। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल मेहता, सचिव मनोज दासोत व कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता ने स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को 11-11 हजार रुपए देने की घोषणा की। साथ ही रजत में कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी पदक अनुसार राशि दी जाएगी।

के एल सैनी ''ए'' डिवीजन लीग आज से

जयपुर, 6 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ के द्वारा दिनांक 7 फरवरी से के एल सैनी स्मृति ''ए'' डिवीजन लीग का आयोजन किया जा रहा है। उदघाटन मुकाबला सुराना क्रिकेट अकेडमी बनाम यूनियन क्रिकेट क्लब के मध्य के एल सैनी स्टेडियम पर खेला जाएगा। प्रतियोगिता 8 टीमों के मध्य राउंड रॉबिन आधार पर खेली जाएगी।

फ़्लू से लड़कर मंधाना ने आरसीबी को जिताया ख़िताब

वडोदरा, 6 फरवरी । महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में स्मृति मंधाना ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए उस वक्त मोर्चा संभाला, जब टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 204 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना ने सिर्फ 41 गेंदों में 87 रन की तूफानी पारी खेली। गौरतलब है कि यह पारी इसलिए और खास मानी जा रही है क्योंकि फाइनल से एक रात पहले स्मृति मंधाना तेज बुखार से जूझ रही थीं। मौजूद जानकारी के अनुसार उनका तापमान 103 डिग्री तक पहुंच गया था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने फाइनल खेलने का फैसला किया और मैदान पर उतरकर मैच का रुख ही बदल दिया।

आरसीबी ड्रेसिंग रूम में कोच मलोलन रंगराजन ने फाइनल से पहले पूरी टीम को मंधाना की तबीयत के बारे में बताया था। उन्होंने कप्तान की तारीफ करते हुए कहा कि स्मृति ने बिना किसी शिकायत के खुद को फिट करने की पूरी कोशिश की और टीम के लिए उपलब्ध रहीं। कोच के शब्दों में यह सिर्फ एक पारी नहीं, बल्कि नेतृत्व और प्रतिबद्धता की मिसाल है।

मैच में मंधाना को जॉर्जिया वोल का भरपूर साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी कर दिल्ली के गेंदबाज़ों पर जबरदस्त दबाव बनाया हैं। वोल ने भी 79 रन की अहम पारी खेली, जिससे लक्ष्य का पीछा आसान होता नजर आया। हालांकि दोनों बल्लेबाज़ सेट होने के बाद आउट हो गईं, जिससे मुकाबला आखिरी ओवर तक खिंच गया। अंतिम ओवर में आरसीबी को 10 रन चाहिए थे और क्रीज पर राधा यादव और नादिन डी क्लार्क मौजूद थीं। राधा ने दबाव में संयम दिखाते हुए लगातार दो चौके लगाए और टीम को जीत दिला दी। जैसे ही जीत पक्की हुई, मंधाना डगआउट में खुशी से उछलती नजर आईं और साथी खिलाड़ियों ने उन्हें गले लगा लिया। इस खिताबी जीत के साथ आरसीबी ने दूसरी बार महिला प्रीमियर लीगट्रॉफी अपने नाम की हैं। यह सफलता इसलिए भी खास रही क्योंकि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले एलिस पेरी निजी कारणों से बाहर हो गई थीं।

इजहार खान 125 रन की शतकीय पारी

जयपुर, 6 फरवरी। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रथम श्रीमती मुमताज खान स्मृति अंडर-14 लीग कम नाकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज नैना एकेडमी पर खेले गए मैच में इजहार खान 125 रन की शतकीय पारी आरव शर्मा 85 रन की अद्धर्शतकीय पारी व जिज्ञांस मीणा की 17 रन पर 4 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत एकतरफा क्वार्टर फाईनल मुकाबले में कैण्डलविक क्रिकेट एकेडमी को 317 रन से हरकार सेमीफाईनल में प्रवेश किया।

टॉस जीतकर नैना एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इजहार खान 125 रन, आरव शर्मा 85 रन, उर्मित सिंह 45 रन, तनिष यादव 44 रन, अली खान 29 रन तथा अतिरिक्त 61 रन की मदद से निर्धारित 40 ओवर में 5 विकेट खोकर 395 रन बनायें। गेंदबाजी में कैण्डलविक एकेडमी की ओर से मानव गुप्ता 61 रन पर 2 विकेट, आर्यमान सिंह 89 रन पर 2 विकेट तथा साकेत 63 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें।

जवाबी पारी में कैण्डलविक एकेडमी के कौशलेन्द्र टेकरीवाल 16 रन, आरव शर्मा 14 रन तथा शौर्य चौपड़ा 12 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज नैना एकेडमी के गेंदबाजों जिज्ञांश मीणा 17 रन पर 4 विकेट, कयांश 7 रन पर 2 विकेट, रिशभ 32 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी के समक्ष नहीं टिक सकें और पूरी टीम 252 ओवर में 78 रन पर सिमट गयी।

स्टार ऑलराउंडर हर्षित राणा चोट के कारण बाहर

नई दिल्ली, 6 फरवरी। भारतीय टीम के ऑलराउंडर हर्षित राणा चोट के कारण आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गए हैं। हर्षित राणा बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया के टी20 विश्व कप 2026 के वार्म-अप मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। शनिवार को अमेरिका के खिलाफ टीम के पहले मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वार्म-अप मैच के बाद हर्षित राणा की तबीयत ठीक नहीं लग रही थी और टीम के फिजियो उनकी चोट की जांच कर रहे हैं। सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वार्म-अप मैच के बाद हर्षित की तबीयत ठीक नहीं लग रही थी। फिजियो उनकी चोट का आकलन कर रहे हैं। 24 वर्षीय दिल्ली के इस तेज गेंदबाज ने सिर्फ एक ओवर फेंका, जिसमें उन्होंने 16 रन दिए और मैच में आगे कोई भूमिका नहीं निभाई। इससे पहले मैच में राणा ने भारतीय टीम के लिए बल्लेबाजी भी की थी, जिसमें उन्होंने सिर्फ एक गेंद का सामना किया था।

एक जिला एक खेल (कबड्डी) खिलाड़ियों का चयन 9 को

जयपुर, 6 फरवरी। मुख्यमंत्री योजना के तहत पंच गौरव योजना के अन्तर्गत एक जिला एक खेल (कबड्डी)को जयपुर जिले को चयन किया गया है। खिलाडीयों के शारिरीक मानसिक एंव बेसिक विकास हेतु भारतीय खेल प्राधिकरण साउथ सेन्टर बैंगलोर में एक सप्ताह का भ्रमण कार्यक्रम रखा गया है। उक्त भ्रमण हेतु 18 वर्ष तक के बालक बालिकाओं का उनके प्रदर्शन (खेल) के आधार पर चयन किया जायेगा। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता ओर राज्य स्तर पर पदक विजेता व राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया है।

दौसा से महिला खिलाड़ी तानिका शर्मा और याना वर्मा का चयन

जयपुर, 6 फरवरी। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि आरसीए द्वारा आयोजित अंडर -23 महिला चैलेंजर प्रतियोगिता जयपुर में आयोजित की गईं जिसमें 3 मैच करवाए गए उन मैचों की परफॉर्मेंस को देखते हुए पूरे राजस्थान से 30 महिला खिलाड़ीयों का कैंप में चयन किया गया है जिसमें दौसा से तनिका शर्मा और याना वर्मा का चयन किया है।

तानिका को चैलेंजर प्रतियोगिता में 3 में से 2 मुकाबलों में खिलाया जिसमें पहले मैच में नाबाद 35 रन बनाए और दूसरे मुकाबले में नाबाद 103 रन की शतकीय पारी खेली। इसके अलावा याना को टीम डी की कप्तानी करते हुए 3 मैच में 44 रन और 1 विकेट लिया इनकी परफॉर्मेंस से कैंप में इनका चयन हुआ।

प्रदेश के नमन चौधरी बेस्ट एनसीसी कैडेट रहे

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ एनसीसी कैडेट्स से रूबरू हुए

जयपुर, 6 फरवरी। युवा मामले एवं खेल, उद्योग एवं सैनिक कल्याण मंत्री, राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में प्रदेश के एनसीसी कैडेट्स से रूबरू हुए, जो अभी हाल में ही 26 जनवरी के रिपब्लिक डे परेड में भाग लेकर आए थे। उन्होंने इन कैडेट्स से उनके प्रशिक्षण शिविर से लेकर परेड तक के अनुभव के बारे में जानकारी हासिल की और उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी।

राजस्थान से कुल 184 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया था, जिसमें नमन चौधरी बेस्ट एनसीसी कैडेट रहे। वही मोनिका ने एडवेंचर में भाग लेते हुए एवरेस्ट पर गई। रिपब्लिक डे परेड में पूरे देश की एनएसएस की टीम को जयपुर की एमिटी यूनिवर्सिटी की चारू सिंह ने लीड किया। प्रदेश से एनएसएस की ओर से 10 बच्चो ने भाग लिया था। शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार तथा अध्यक्ष, राजस्थान युवा बोर्ड डा. नीरज के. पवन ने बताया कि दिल्ली में राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान आयोजित विकसित भारत यंग लीडरशिप डायलॉग में प्रधानमंत्री के सामने विकसित भारत

की प्रस्तुतिकरण के प्रदेश के दो बच्चे प्राची और दीपक शर्मा का चयन हुआ था।

विकसित भारत यंग लीडरशिप डायलॉग में प्रधानमंत्री ने युवाओं को देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण युवाओं के हाथ में है और हमें मिलकर इस लक्ष्य को हासिल करना है। यूथ ही 2047 में विकसित भारत का निर्माण करेंगे। शुक्रवार को मुख्य सचिव ने प्रदेश की प्राची और दीपक शर्मा से वीडियो कॉल पर बात की और उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी। प्रदेश के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से सचिव, युवा मामले, भारत सरकार श्रीमती पल्लवी जैन ने मुलाकात की और बताया कि राजस्थान में यूथ पर सबसे अच्छा काम हो रहा है।

कार्यालय भरतपुर विकास प्राधिकरण,भरतपुर

क्रमांकः-स्टोर/2025-26/1742 दिनांकः 04.02.2026

ऑक्शन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण, भरतपुर द्वारा निर्मित विश्वप्रिय शास्त्री चौपाटी की दुकान संख्या 01 से 09 किराये पर दिया जाना है। जिसके लिए उपयुक्त सक्षम श्रेणी की फर्में ऑक्शन हेतु आमंत्रित की जाती है। उक्त ऑक्शन की पूर्ण जानकारी व शर्ते प्राधिकरण कार्यालय में देखी जा सकती है।

क्र. सं	चौपाटी का नाम	न्यूनतम प्रारंभिक बोली राशि (प्रति दुकान/माह)	अमानत राशि
1	विश्वप्रिय शास्त्री पार्क चौपाटी	7000.00 रू0	15000.00 रू0

लोहागढ घना चौपाटी विश्वप्रिय शास्त्री पार्क भरतपुर व्यावसायिक दुकानें मय ओपन स्पेस अस्थायी रजिस्ट्रेशन/अमानत राशि/दस्तावेज, जमा करने की कार्यवाही 09.02.2026 से दिनांक 25.02.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 06:00 बजे के मध्य एवं ऑफलाईन नीलामी दिनांक 27.02.2026 प्रातः 11:00 बजे प्राधिकरण कार्यालय सभागार में आयोजित की जावेगी।

UBN No. WAQ2526SSOB00298

राज.संवाद/सी/25/19316 सचिव

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, (अनाज) पूगल रोड़, बीकानेर

E-mail: kums.pugalroad@rajasthan.gov.in

क्रमांक :-20289550 दिनांक:-03.02.2026

Notice Inviting Bid (NIB 07 /2025-26)

Single stage, two-envelopes unconditional e-bids are invited from manufacturers/direct importers/Authorized Dealer on behalf of the Krishi Upaj Mandi Samiti (Anaj) Pugal Road, Bikaner for the procurement of Oil Testing Machine /NIR Grain Analyser. Details may be seen in the Bidding Document at the office of the Krishi Upaj Mandi Samiti (Anaj) Pugal Road, Bikaner or State Public Procurement Portal website https://sppp.rajasthan.gov.in. or on departmental website https://agriculture.rajasthan.gov.in/dam or https://eproc.rajasthan.gov.in. The bidding document may be downloaded from either of the above websites and uploaded duly filled in with payment of Rs. 1180/- through banker's cheque/demand draft in favour of Secretary, Krishi Upaj Mandi Samiti (Anaj) Pugal Road, Bikaner payable at Pugal Road Bikaner Details of bid are following:-

S. NO.	Bid Title	Estimated Cost (In Lakhs)	UBN No. & TENDER ID
1	Supply and Installation of Oil Testing Machine-NIR/Grain Analyser	15.00	DAM2526GLOB01174 TENDER ID 2026_DAMJP_535313_1

Raj.Samwad/C/25/19322 Administrator Secretary

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

झलकारी बाई स्मारक के पास पंचशील-लोहागल मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920

क्रमांक :-MEW/2025-26/1962 दिनांकः- 02.02.2026

:: ई-निविदा सूचना संख्या 56/2025-26 ::

नगर निगम अजमेर की ओर से नगर निगम अजमेर एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमो के अनुसार मान्य) जो निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन ईनिविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा कार्यो की कुल लागत	राशि 62.65 लाख (03 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि	Date 02.02.26 से 12.02.26 को 6.00 PM तक
Technical निविदा खोलने की तिथि व समय	Date 13.02.26 को 11:30AM पर
Financial निविदा खोलने की तिथि	सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम के द्वारा सूचित कर दिया जावेगा।

विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।

Nib Code :-ANN2526A0213

S.No.	UBN No.	S.No.	UBN No.
1	ANN2526WSOB00275	2	ANN2526WSOB00276
3	ANN2526WSOB00277		

राज.संवाद/सी/25/19281 अधिशाषी अभियन्ता नगर निगम अजमेर

कार्यालय नगरपरिषद, राजसमन्द

जिला परिषद रोड़, राजनगर

टेलिफोन नं. 02952-220034, फेक्स नं. 02952-221233, ई-मेल rajsamandnagarpalika@gmail.com

क्रमांक : एफ( )नपरा/इंजी/ई निविदा/32/2025-26/9040 दिनांक :- 02.02.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 32/2025-26

नगर परिषद राजसमन्द द्वारा विकास कार्यो हेतु समस्त विभागों में पंजीकृत संवेदकों, कम्पनी, संगठनों/संस्थानों से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन तकनीकी व वित्तिय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है।

निविदा क्रार्यक्रम	तिथि व समय	
कार्य की संख्या	10	
कार्यो की अनुमानित लागत	159.98 लाख	
निविदा अपलोड की तिथि	03.02.2026	06:00 PM
निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि	04.02.2026	09:00 AM
ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि	16.02.2026	06:00 PM
भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की तिथि	17.02.2026	01:00 PM
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि	17.02.2026	04:00 PM
ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट	http://eproc.rajasthan.gov.in	
दोष निवारण अवधी	नियमानुसार	
UBN NO-	DLB2526WSOB32968, 32969, 971, 972, 973, 978, 979, 981, 982	

सभापति आयुक्त

राज.संवाद/सी/25/19244 नगरपरिषद राजसमन्द नगरपरिषद राजसमन्द

कार्यालय नगरपरिषद, राजसमन्द

जिला परिषद रोड़, राजनगर

टेलिफोन नं. 02952-220034, फेक्स नं. 02952-221233, ई-मेल rajsamandnagarpalika@gmail.com

क्रमांक : एफ( )नपरा/इंजी/ई निविदा/33/2025-26/9116 दिनांक :- 03.02.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 33/2025-26

नगर परिषद राजसमन्द द्वारा विकास कार्यो हेतु समस्त विभागों में पंजीकृत संवेदकों, कम्पनी, संगठनों/संस्थानों से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन तकनीकी व वित्तिय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है।

निविदा क्रार्यक्रम	तिथि व समय	
कार्य की संख्या	6	
कार्यो की अनुमानित लागत	80.99 लाख	
निविदा अपलोड की तिथि	04.02.2026	06:00 PM
निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि	05.02.2026	09:00 AM
ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि	17.02.2026	06:00 PM
भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की तिथि	18.02.2026	01:00 PM
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि	18.02.2026	04:00 PM
ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट	http://eproc.rajasthan.gov.in	
दोष निवारण अवधी	नियमानुसार	
UBN NO-	DLB2526WSOB33121, 122, 123, 124, 125 & 126	

सभापति आयुक्त

राज.संवाद/सी/25/19245 नगरपरिषद राजसमन्द नगरपरिषद राजसमन्द

जवाहर कला केन्द्र, जयपुर

कार्यालय महानिदेशक

क्रमांक :- प.3 () जकके/हैल्पर इलेक्ट्रिशियन की सेवा आपूर्ति कार्य/ 2025-26/1348 दिनांक :- 02/02/2026

जवाहर कला केन्द्र में स्थापित स्टेज लाईटस् एवं उपकरणों से संबंधित काम्प्रेहेंसिव रखरखाव का कार्य हेतु खुली-निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते https://sppp.rajasthan.gov.in or jkk.artandculture.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। NIB No. JKK2526A0038, UBN NO. JKK2526SSOB00037

राज.संवाद/सी/25/19341 अतिरिक्त महानिदेशक (प्रशा.)

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड

कार्या. अधीक्षण अभियंता (उत्पादन गृह), बांसवाड़ा, फोनः 02962-251252

ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः- 24(RVU2526GLOB02154) SF-6 सर्किट ब्रेकर्स एवं 25(RVU2526SLOB02233) वार्षिक अनुबंध पर वाहनों की आपूर्ति। निविदा विवरण वेबसाइट www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/19334 RVUN/PR-4336 अधीक्षण अभियन्ता (उत्पादन)

RajCOMP Info Services Limited (RISL)

C-Block 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur

Notice Inviting Bid

NIB No. F4.9(1191)/RISL/Tech/Misc/2025/6163 Dated 02.02.2026

RISL invites bids from the eligible bidders for RFP "Selection of Firms for providing Co-Working Spaces on rental basis for setting up of iStart Facilitation desks at Hyderabad, Bangalore, Delhi & Mumbai for three years" till 12/03/2026 at 04.00 PM. With Pre-bid on 11-02-2026 at 03.00 PM For more details please visit on the websites: https://sppp.rajasthan.gov.in, https://risl.rajasthan.gov.in.

UBN - RIS2526SLOB00076

Raj.Samwad/C/25/19320

कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)

फोन न0 07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website- www.npkarauli.in

क्रमांक : न0परि0क0/निविदा/2025/5023 दिनांक : 02.02.2026

संशोधित ई-निविदा सूचना

न